



नवभारत 02
इंदौर, शुक्रवार, 12 जून 2026


# मोदी सरकार के 12 वर्ष : मंत्री काश्यप ने घर-घर पहुंचाया विकास का संदेश

**▸ केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

अभियान की शुरुआत मुखर्जी मंडल के सुयोग परिसर स्थित पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के निवास से हुई। इस दौरान श्री काश्यप ने चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. जोशी की सेवाओं की सराहना करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद उन्होंने साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला तथा समाजसेवी हिम्मत गेलड़ा से भेंट कर मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। डॉ. चांदनीवाला ने शॉल-श्रीफल भेंट कर श्री काश्यप का अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री मोदी के लगातार 4399 दिन कार्यकाल पूर्ण करने पर बधाई दी। जनसंपर्क अभियान के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, पार्षद अनिता जयेश वसावा, समाजसेवी दिनेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महामंत्री भूपेन्द्र कावड़िया, पार्षद स्मिता राजेश माहेश्वरी, मनीषा विजय सिंह चौहान तथा सुरेन्द्र छाजेड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**इन क्षेत्रों में पहुंचे मंत्री**

मंत्री काश्यप ने कुशाभाऊ ठाकरे मंडल क्षेत्र में काटजू नगर स्थित डॉ. विपीन माहेश्वरी, शास्त्री नगर स्थित समाजसेवी सुशील छाजेड़ तथा गुलमोहर कॉलोनी में उद्योगपति बी.एल. पुरोहित के निवास पहुंचकर परिवारजनों से संवाद किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।

## करंट लगने से 58 वर्षीय मजदूर की मौत

**नामली।** थाना क्षेत्र के बावजी वाला कुआं इलाके में बुधवार को एक हादसे में 58 वर्षीय भंवरलाल कुमावत की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सूचना 10 जून को प्राप्त हुई। मृतक भंवरलाल पिता रमेशचंद्र कुमावत निवासी नीम चौक, नामली लकड़ी भरने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वे विद्युत करंट की चपेट में आ गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मामले की जांच उपनिरीक्षक के.के. पटेल द्वारा की जा रही है। यह हादसा बावजी वाला कुआ इलाके में बुधवार को हुआ। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल ने बताया कि सूचना पर क्षेत्र में पहुंचे थे। पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया।


# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र पर हमला : गेहलोत

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव हर्षविजय गेहलोत ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन पत्र निरस्त किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे सुनियोजित और अलोकतांत्रिक कदम बताया है।

जारी बयान में गेहलोत ने कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रख रही है। यह तानाशाही की पराकाष्ठा है और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है, जिसका कांग्रेस पूरी ताकत से विरोध करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार विधायकों की खरीद-फरोख्त में सफल नहीं हुई तो इस प्रकार का घिनौना कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह अलोकतांत्रिक कृत्य लंबे समय तक याद रखा जाएगा। देश और प्रदेश की जनता सब देख रही है तथा समय आने पर लोकतांत्रिक ताकतें इसका जवाब देंगी।



गेहलोत ने कहा कि वर्तमान माहौल में असहमति को विरोध मान लिया जाता है और उसे दबाने के लिए सत्ता किसी भी हद तक जाने को तैयार दिखाई देती है। लोकतंत्र में सभी का हर बात पर सहमत होना संभव नहीं है और असहमति लोकतंत्र की मूल भावना है।

**न्याय मिलने का विश्वास जताया**

गेहलोत ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्तीकरण के मामले को चुनाव आयोग तथा आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय में भी ले जाया जाएगा। कांग्रेस सभी कानूनी और लोकतांत्रिक विकल्पों पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम चुप नहीं बैठ सकते। लोकतंत्र से छेड़छाड़ करने वाली सत्ता हमें स्वीकार नहीं है। न हम ऐसा करेंगे और न किसी को करने देंगे। इस प्रकार के कृत्य का राजनीतिक खामियाजा भाजपा को समय आने पर भुगतना पड़ेगा।'

## एक नजर में

### 115 किलो अवैध डोडाचूरा के साथ पकड़ाए तस्कर को 11 वर्ष कारावास, 1 लाख का जुर्माना

**जावरा।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ न्यायालय ने फैसला सुनाया है। 115 किलोग्राम प्रतिबंधित डोडाचूरा की तस्करी की फिराक में बैठे एक अंतर्राज्यीय तस्कर को जावरा के विशेष न्यायालय (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जंगबहादुरसिंह राजपूत ने आरोपी घनश्याम (37) पिता रणसिंह देवडा, निवासी- ग्राम भाटखेडा को 11 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस अहम फैसले को ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजय कुमार पारस ने बताया कि यह घटना 10 दिसंबर 2023 की है। थाना औद्योगिक क्षेत्र, जावरा पुलिस को एक सटीक मुखबिर सूचना मिली थी कि कालूखेडा रोड पर बालू माली के खेत के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (डोडाचूरा) छिपाकर बैठा है, जिसे वह राजस्थान सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए, जब्तीकर्ता अधिकारी जसराज चंदेल के नेतृत्व में पुलिस बल ने सादे वाहनों में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। झाड़ियों के बीच बोरियों पर बैठे आरोपी घनश्याम को मौके से ही रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस ने बोरियों की तलाशी ली, तो उनमें कुल 115 किलोग्राम प्रतिबंधित डोडाचूरा बरामद हुआ। विवेचना अधिकारी ओपी. सिंह और मुनेन्द्र गौतम द्वारा मामले की सघन जांच कर न्यायालय में पुख्ता सबूतों के साथ चालान पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश जंगबहादुरसिंह राजपूत की अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजय कुमार पारस और अपर लोक अभियोजक गगन श्रीमाल ने मजबूती से अपना पक्ष रखा। ठोस दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी घनश्याम को दोषी करार देते हुए समाज में नशा घोलने वाले इस कृत्य के लिए कड़ी सजा मुकर्रर की।

### संध्याकालीन शिविरों में प्राप्त हुई 14 शिकायतें 10 का किया गया तुरंत निराकरण




**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार 26 मई से जिले की सभी नगर पालिका/परिषदों में लगातार वार्ड वार संध्याकालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरूवार को निकायों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शिविर आयोजित हुए। शिविरों में जल से संबंधित समस्याओं की कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 2 शिकायत त्वरित रूप से मौके पर निराकृत की गई। सफाई से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 8 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। 1 शिकायत सड़क निर्माण से संबंधित प्राप्त हुई । उक्त जानकारी पीओ डूडा अरुण कुमार पाठक द्वारा दी गई।

## लोकायुक्त की कार्रवाई का असर, रिश्वत प्रकरण में शिक्षा विभाग का कर्मचारी निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कन्या कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जावरा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 अनिल वर्मा को भ्रष्टाचार के प्रकरण में लोकायुक्त द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कार्रवाई संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग उज्जैन अनसिंह बघेल द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियमों के तहत की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने बताया कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकायुक्त उज्जैन ने अनिल वर्मा के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी प्रकरण दर्ज किया है। इसके बाद विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए उनके निलंबन के आदेश जारी किए गए। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में अनिल वर्मा का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रतलाम निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के मामलों में प्रशासन की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की आगामी जांच और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एमपी बोर्ड की हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा का परिणाम आज होगा जारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम 12 जून को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा में शामिल विद्यार्थी अपना परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकेंगे।

परिणाम घोषित होने के बाद छात्र-छात्राएं अपने रोल नंबर की सहायता से अंकसूची एवं परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम सुभाष कुमावत ने बताया कि हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा का परिणाम 12 जून 2026 को शाम 4 बजे जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम मंडल की वेबसाइट mpbse. mponline. gov.in पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिकृत वेबसाइट पर ही परिणाम देखें और किसी भी भ्रामक जानकारी से बचें।

## अनुशासनहीनता के आरोप में पोरवाल और रावल 6 वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिला कांग्रेस कमेटी रतलाम ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कार्यकर्ता गौरव पोरवाल एवं संजय रावल को आगामी छह वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत के निर्देश पर तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतलाम ग्रामीण के अध्यक्ष दिलीप कुमावत की सहमति से यह कार्रवाई की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दोनों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में पार्टी के सिद्धांतों, नियमों और संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन किया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि दोनों कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर पार्टी और संगठन के विरुद्ध लगातार गतिविधियां कर रहे थे, जिससे संगठन कमजोर हुआ तथा पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की गई।

# रामद्वारा धाम विवाद पर सैलाना बंद, सड़कों पर उतरा सनातन समाज

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** रामद्वारा धाम की संपत्ति कथित रूप से बेचे जाने और संत निर्मलराम शास्त्री की समाधि स्थल से छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर गुरुवार को सैलाना में सनातन समाज का आक्रोश फूट पड़ा। समाज के आह्वान पर नगर बंद रहा और बड़ी संख्या में लोग भगवा ध्वज लेकर सड़कों पर उतर आए। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकाली गई रैली घंटाघर चौराहे पर धरने में तब्दील हो गई, जहां प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

नगरवासी सुबह चारभुजानाथ मंदिर, कुमावतपुरा से एकत्र होकर नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालते हुए घंटाघर चौराहे पहुंचे। यहां महिलाएं और पुरुष तपती गर्मी के बावजूद सड़क पर बैठकर भजन-कीर्तन करते रहे और प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते रहे। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम तरुण जैन, तहसीलदार कुलभूषण शर्मा और एसडीओपी नीलम बघेल मौके पर पहुंचे तथा समाजजनों से चर्चा की। दोपहर तक धरना जारी रहा।




**समाधि स्थल तोड़ने का आरोप:** समाजजनों ने 8 जून को थाना प्रभारी को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि रामद्वारा आश्रम स्थित संत श्री 1008 निर्मलराम शास्त्री की समाधि को तोड़ दिया गया तथा वहां निजी नर्सिंग कॉलेज और स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही समाधि स्थल तक जाने वाला रास्ता भी बंद कर दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में दिलीप गोड़ के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

**दो लोगों पर मामला दर्ज:** एसडीओपी नीलम बघेल ने बताया कि धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में स्कूल संचालक दिलीप गोड़ और रामद्वारा के व्यवस्थापक रामविलास शास्त्री के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।




## महापौर पटेल ने किया योग महोत्सव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में 49 वार्डों में आयोजित होने वाले 11 दिवसीय नि:शुल्क योग महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार महापौर प्रहलाद पटेल ने किया। महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, पार्षद परमानंद योगी, श्रीमती निषा सोमानी, महर्षि संजय शिवशंकर दवे, भागवताचार्य पं. चेतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं पतंजलि परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली को संतुलित करने का प्रभावी माध्यम है। नगर निगम द्वारा शहर के सभी 49 वार्डों में योग शिविरों का आयोजन नागरिकों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में पतंजलि युवा भारत मध्यप्रदेश के राज्य प्रभारी प्रेम पुनिया ने योगाभ्यास और प्राणायाम का प्रशिक्षण देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग से अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी डॉ. उत्तम शर्मा, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अपार उपाध्याय, युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा, महिला पतंजलि योग समिति की राज्य संवाद प्रभारी पिस्ता यादव और जयश्री राठौर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। योग सेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। महापौर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 : सामूहिक ऑनलाइन योग कार्यक्रम होंगे 14 को

**रतलाम।** आयुष मंत्रालय द्वारा 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुष मंत्रालय एवं हाबिल्ड हेल्थटेक प्रायवेट लिमिटेड के सहयोग से 14 जून को प्रात: 6:15 बजे से 7:35 बजे तक एक विशेष ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिभागी टोल-फ्री नंबर 1800 315 7008 पर मिस्ड कॉल देकर अपना पंजीयन कर सकते है। कलेक्टर ने जिले के जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, विभिन्न संस्थानों, संगठनों, योग अभ्यासकर्ताओं एवं आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की गई है।

## हादसे में घायल महिला ने पांच दिन जिंदगी से जंग लड़ने के बाद तोड़ा दम

**बड़ावदा।** सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के पांच दिन बाद इंदौर के एमवाय अस्पताल में महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार रेणुकाबेन पति सुरेश राठौड़ (33) निवासी ग्राम बैरछा, थाना नागदा जंक्शन, जिला उज्जैन 5 जून को ताल-जावरा रोड स्थित बर्डिया गोयल फंटे के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 10 जून को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना अस्पताल से पुलिस को मिलने पर बड़ावदा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच प्रधान आरक्षक शहजाद खान द्वारा की जा रही है।

## जनप्रतिनिधियों ने सांसद को बताई क्षेत्रीय समस्याएं



**नवभारत न्यूज**

**नामली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा नामली मंडल द्वारा अर्चना मैरेज हॉल में आयोजित वृहद जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें सांसद अनीता नागर सिंह चौहान के समक्ष रखी गईं।

लोकसभा चुनाव में दूसरी बार जीत दर्ज करने के बाद कार्यकर्ताओं से संवाद करने पहुंचीं सांसद चौहान ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष पूजा योगी ने डाकघर की नई बिल्डिंग, शासकीय विश्राम गृह, पेयजल व्यवस्था के लिए दो नए टैंकर तथा महाविद्यालय में 100 सेट टेबल-कुर्सी उपलब्ध कराने की मांग रखी। मंडी विधायक प्रतिनिधि गणेश गुर्जर ने नामली उप-मंडी को स्वतंत्र कृषि मंडी का दर्जा देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों और क्षेत्र के विकास को सीधा लाभ मिलेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने बताया कि नामली को पूर्ण तहसील का दर्जा देने और उप-मंडी को स्वतंत्र कृषि मंडी बनाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के संज्ञान में है। कार्यक्रम में रेल ठहराव, इंटरनेट लैब, सीनियर राइज स्कूल, हाई स्कूल की नई बिल्डिंग, मुक्तिधाम तक सीसी सड़क तथा शोकसभा भवन निर्माण की मांगें भी प्रमुखता से उठीं।

इस दौरान एक कैंसर पीड़ित जरूरतमंद के उपचार के लिए सांसद निधि से सहायता की मांग पर सांसद चौहान ने संवेदनशीलता दिखाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

कार्यक्रम के बाद जनप्रतिनिधियों ने श्री अंबे मां मंदिर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक मथुरालाल डामर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर में** ▸ **महादेव खाल, भड़का खाल और रोला खाल इन तीन पुलों का निर्माण 12 साल से है अधूरा**

# चंबल के अधूरे पुलों पर आक्रोश, 4 घंटे जाम के बाद प्रशासन ने दी काम पूरा करने की गारंटी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पिछले 12 वर्षों से अधूरी पडी पुलियाओं के निर्माण को लेकर असावती, भडका और रोला सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का धैर्य गुरूवार को जवाब दे गया। निर्माण कार्य में शासन-प्रशासन की निरंतर अनदेखी से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 7:30 बजे जावरा-सीतामऊ मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। आवागमन बाधित होने से प्रशासन को हरकत में आना पडा। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सेतु विभाग के सब-इंजीनियर और पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति और स्पष्ट समय-सीमा की मांग पर अडे रहे। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए नायब तहसीलदार वैभव जैन धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की व्यथा सुनी और सेतु विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति पर जवाब-तलब किया।



**प्रशासन का लिखित आश्वासन:** लंबे विचार-विमर्श और ग्रामीणों के कड़े रुख के बाद सेतु विभाग ने निर्माण कार्यों के लिए लिखित आश्वासन दिया। असावती खाल पुलिया का आगामी दो दिनों के भीतर अस्थाई कार्य पूरा कर आवागमन शुरू किया जाएगा। रोला पुलिया 30 जुलाई तक अस्थाई रूप से आवागमन के लिए चालू कर दी जाएगी। असावती, भडका और रोला पुलिया का पूर्ण स्थाई निर्माण 31 अक्टूबर 2026 तक सुनिश्चित किया जाएगा। चंबल नदी पुलिया का निर्माण कार्य अक्टूबर 2026 में शुरू होकर दिसंबर 2027 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**12 साल से लटका है काम:** ग्रामीणों का आरोप है कि चंबल नदी पर महादेव खाल, भड़का खाल और रोला खाल पर तीन पुलों का निर्माण 12 साल से अधूरा है। सेतु विभाग की लापरवाही और घटिया सामग्री के कारण नदी में खड़े पिलर जर्जर हो चुके हैं। बारिश में दर्जनों गांवों का संपर्क कट जाता है। स्कूली बच्चे, बीमार और किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं।

**चेतावनी के साथ आंदोलन स्थगित**

लिखित आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो वे पुन: उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस धरना प्रदर्शन में दीपक परमार (असावती), गोपाल सिसोदिया, दिग्विजय सिंह, भेरूलाल परमार (मरम्या), ऋतुराज सिंह डोडिया, अफरोज मंसूरी, दिनेश गुजराती (आनखेड़ी), राधेश्याम धनगर, महेश आंजना, पदम आंजना (मेलुखेड़ी), गोपाल शर्मा (शक्करखेड़ी), मंजू बापू, कमल सिंह (बोरवनी), राकेश धनगर, बद्री पांचाल सहित आसपास के अनेक गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।